# कार्यवृत्त नीलामी (टैन्ड़र)

आज दिनांक 29.04.2025 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. भवन में न्यायपीठ सहारनपुर में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानो: चाय कैन्टीन, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-02, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान न0-2 तथा रेहड़ी दाल मौठ की वित्तीय वर्ष-2025-2026 हेतु नीलामी समिति की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में श्री आलोक शर्मा, सदस्य नीलामी समिति / अपर जिला जज कक्ष सं0-11 सहारनपुर, श्री कमलदीप सदस्य नीलामी समिति / अपर जिला जज / त्वरित न्यायालय-द्वितीय सहारनपुर तथा श्री संजीव कुमार शर्मा, सदस्य नीलामी समिति / कोर्ट मैनेजर सहारनपुर उपस्थित आये।

न्यायपीठ में स्थित उपरोक्त सात प्रतिष्ठानो (चाय कैन्टिन, साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-02, पान की दुकान नं0-01, पान की दुकान न0-2 तथा रेहड़ी दाल मौठ) को वित्तीय वर्ष-2025-2026 हेतु सीलबंद टैन्ड़र के माध्यम से उठाये जाने हेतु दिनांक 28.04.2025 तक सीलबंद टैन्ड़र आमंत्रित किये गये थे, जो नीलाम समिति द्वारा आज दिनांक 29.04.2025 को टैन्ड़रकर्ताओं की उपस्थिति में खोले जाने थे । उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 22.04.2025 को अमर चिंगारी दिनांक 23.04.2025 में पश्चिमांचल तथा दिनांक 27.04.2025 को पंजाब केसरी में प्रकाशन कराया गया एवं माननीय उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड़ कराया गया, परन्तु व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार कराये जाने के पश्चात भी उक्त प्रतिष्ठानों को टैन्ड़र के माध्यम से उठाये जाने से सम्बन्धित कोई सीलबंद टैन्ड़र नियत अंतिम तिथि तक प्राप्त नही हुआ ना ही कोई टैन्ड़रकर्ता उपस्थित आया, जिस कारण सीलबंद टैन्ड़र के माध्यम से कोई कार्यवाही नही हो सकी।

बैठक में सर्वसम्मति से पूर्ववत निर्धारित नियम व शर्तों पर विचार किया गया व केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया गया कि वह नीलामी के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार हेतु न्यायपीठ के नोटिस बोर्ड़ व कलेक्ट्रेट में स्थित नोटिस बोर्ड़ तथा अन्य दृश्यमान स्थानों पर चस्पा करायें तथा भिन्न-भिन्न तिथियों पर दो स्थानीय समाचार-पत्रों व एक राष्ट्रीय समाचार-पत्र में प्रकाशन करायें एवं ज़िला न्यायालय सहारनपुर के पोर्टल तथा करायें तथा निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ को भी विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशन हेतु पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

बैठक में सर्वसम्मति से इस न्यायपीठ स्थित उपरोक्त सात प्रतिष्ठानो की नीलामी के सम्बन्ध में पुन: दिनांक 16.05.2025 तक सांय 05:00 बजे सीलबंद टैन्ड़र आमंत्रित किये जाते हैं, जो दिनांक 17.05.2025 को समय 04:30 बजे टैन्डरदाताओं की उपस्थिति में न्यायालय परिसर में स्थित ए.डी.आर. भवन में खोले जायेगें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29/4/25 | कमलदीप 29.4.25 | 29.4.25 | 29/4/25 |
| (संजीव कुमार शर्मा) | (कमलदीप) | (आलोक शर्मा) | (प्रकाश तिवारी) |
| सदस्य नीलामी समिति / | सदस्य नीलामी समिति / | सदस्य नीलामी समिति / | अध्यक्ष नीलामी समिति / |
| कोर्ट मैनेजर | अपर जिला जज/ त्वरित न्यायालय-II | अपर जिला जज कक्ष सं0-11 | अपर जिला जज कक्ष सं0-05 |
| सहारनपुर। | सहारनपुर। | सहारनपुर। | सहारनपुर। |

Approved.

DISTT. JUDGE
SAHARANPUR
30/04/25

# प्रेस विज्ञप्ति

दीवानी न्यायालय परिसर सहारनपुर में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों-एक कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2,पान की दुकान नं0-01,पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ को टैन्ड़र द्वारा उठाये जाने के लिए वित्तीय वर्ष-2025-2026 हेतु दिनांक 16.05.2025 समय सांय 05:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं (टैन्ड़र) आमंत्रित किये जातें हैं, जो दिनांक 17.05.2025 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित ए.ड़ी.आर.भवन में खोले जायेगें। इच्छुक निविदाकर्ता (टैन्ड़रकर्ता) नियम व शर्तों, स्थान तथा समय आदि के सम्बन्ध में नज़ारत अनुभाग, सहारनपुर से कार्यालय समय पर तथा न्यायालय के सूचना पट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

(प्रकाश तिवारी)<br>
अध्यक्ष,नीलामी समिति /<br>
अपर जिला जज कक्ष संख्या-05<br>
सहारनपुर।

# सार्वजनिक सूचना

दीवानी न्यायालय परिसर सहारनपुर में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों-एक कैन्टीन (नाश्ता चाय आदि), साईकिल स्टैंड़, फोटोस्टेट दुकान नं0-01, फोटोस्टेट दुकान नं0-2,पान की दुकान नं0-01,पान की दुकान नं0-02 व एक रेहड़ी दाल मौठ को टैन्ड़र द्वारा उठाये जाने के लिए वित्तीय वर्ष-2025-2026 हेतु दिनांक 16.05.2025 समय सांय 05:00 बजे तक सीलबंद निविदाएं (टैन्ड़र) आमंत्रित किये जातें हैं, जो दिनांक 17.05.2025 को सांय 04:30 बजे न्यायालय परिसर स्थित ए.ड़ी.आर.भवन में खोले जायेगें। इच्छुक निविदाकर्ता (टैन्ड़रकर्ता) नियम व शर्तों, स्थान तथा समय आदि के सम्बन्ध में नज़ारत अनुभाग, सहारनपुर से कार्यालय समय पर तथा न्यायालय के सूचना पट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

(प्रकाश तिवारी)
अध्यक्ष,नीलामी समिति /
अपर जिला जज कक्ष संख्या-05
सहारनपुर।